# छात्रों के लिए लगातार संघर्ष कर रही अभाविप

## शैक्षिक विसंगतियों और शहरी नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष के लिए अभाविप प्रतिबद्ध : डॉ वीरेंद्र सिंह

**भुवनेश्वर/भोपाल, 27 मई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की एक दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित 'शिक्षा 'ओ' अनुसंधान' विश्वविद्यालय में संपन्न हुई.**

बैठक में पश्चिम बंगाल में हिंसा, भय और तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त कर लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए जनमानस के समर्थन में अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया. बैठक का शुभारंभ अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी और राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया.



बैठक में शिक्षा व्यवस्था, युवाओं की भूमिका, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों और संगठनात्मक विस्तार सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई. 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम अभियान', 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष', 'आपातकाल निषेध के 50 वर्ष', 'मिशन साहसी' और 'प्रा. यशवंतराव केलकर जन्मशती वर्ष' जैसे अभियानों की समीक्षा भी की गई.

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी ने कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था भारतीय दर्शन और मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए, जिससे युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके. उन्होंने कहा कि संगठनात्मक विचार बैठकों ने अभाविप को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है.

> **10 लाख छात्राओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण**
>
> राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि अभाविप शिक्षा में व्याप्त विसंगतियों, नक्सलवाद और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है. उन्होंने तेलंगाना में छात्रवृत्ति आंदोलन, नीट पेपर लीक के खिलाफ अभियान और विभिन्न विश्वविद्यालयों में छात्र हितों के लिए किए गए आंदोलनों का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि देशभर में 'मिशन साहसी' के तहत 10 लाख से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा चुका है. बैठक में यह संकल्प भी दोहराया गया कि अभाविप राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी.



# बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सरई 27 मई। जिले के सरई थाना परिसर में आज बुधवार को ईदुज्जुहा बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में तहसीलदार अमित मिश्रा एवं उपनिरीक्षक लालमणि साकेत की अगुवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा।



# आज से तेज होंगी प्री मानसून गतिविधियां

### नौतपा में नहीं थम रही तपिश

### 16 शहरों में पारा 44 पार

**भोपाल, 27 मई. मध्यप्रदेश में नौतपा की शुरुआत भले ही आंधी, बूंदाबांदी और बादलों के साथ हुई हो, लेकिन गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. प्रदेश के 16 शहरों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है.**

छतरपुर का खजुराहो सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विभाग ने 28 मई से अगले तीन दिनों तक कई जिलों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने और तेज आंधी, गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है.

नौगांव में तापमान 45.6 डिग्री, दतिया में 45.2 डिग्री और दमोह, सतना व टीकमगढ़ में 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. रीवा में 44.8 डिग्री और राजगढ़ में 44.6 डिग्री तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया. ग्वालियर, श्योपुर, गुना, नरसिंहपुर, सागर, मंडला, मुरैना और रायसेन सहित कई जिलों में भी भीषण गर्मी का असर बना रहा. बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे गर्म रहा, जहां पारा 44.1 डिग्री तक पहुंचा. भोपाल में 43.2 डिग्री, जबलपुर में 43.9 डिग्री, उज्जैन में 42 डिग्री और इंदौर में 41.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. प्रदेश के कई जिलों में लू और तीव्र लू का अलर्ट जारी किया गया है. निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में रेड अलर्ट घोषित किया गया है.

> मौसम विभाग के अनुसार नौतपा के दौरान मौसम में बदलाव कोई नई बात नहीं है. पिछले 14 वर्षों में 7 बार इस दौरान बारिश दर्ज की जा चुकी है. हालांकि, इस बार शुरुआती दिनों में हल्की राहत मिलने के बावजूद उमस और गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. वर्ष 2018 और 2019 की तरह इस बार भी नौतपा में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ने के संकेत मिल रहे हैं.

# खिरवा गांव में युवक पर जानलेवा हमला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 मई। मोरवा थाना पुलिस ने गंभीर मारपीट कर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मनोज कुमार बैस पिता रामबली बैस उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम खिरवा ने मोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 मई की रात उसके भाई विकास कुमार बैस और आकाश कुमार बैस ग्राम में ही शिव कुमार बैस के घर अन्नप्राशन में गए थे, जहां आर्केस्ट्रा चल रहा था। कुर्सी पर बैठने को लेकर गांव के ही सोनू पनिका ने उनसे विवाद किया और देर रात घर जाते समय आंगनबाड़ी के पास घात लगाकर इंतजार कर रहे सोनू पनिका ने फावड़े की लकड़ी के बेट से विकास पर हमला कर दिया। इससे वह वही अचेत होकर गिर पड़ा और आरोपी भाग खड़ा हुआ। घटना के बाद विकास को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे नेहरू शताब्दी चिकित्सालय भेज दिया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए ही देर रात उसे बनारस के लिए रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मोरवा निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आरोपी सोनू पनिका पर धारा 296(बी), 351(3), 109(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं मोरवा थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों सोनू पनिका पिता लक्ष्मीनाथ पनिका को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



# नेहरू आधुनिक भारत के शिल्पकार थे : दिग्विजय

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उन्होंने एक समावेशी, धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक सोच वाले राष्ट्र की नींव रखी. वे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे.**

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व राज्यसभा टीवी कार्यकारी निदेशक राजेश बादल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. इस दौरान उनकी डॉक्यूमेंट्री 'युग पुरुष नेहरू' का प्रदर्शन भी किया गया. राजेश बादल ने कहा कि विभाजन और हिंसा से जूझ रहे भारत को नेहरू ने शांति, सद्भाव और विकास की दिशा में आगे बढ़ाया. उन्होंने कहा कि नेहरू ने वैज्ञानिक और औद्योगिक विकास के जरिए आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी.




> दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिस प्रकार कोई शिल्पकार मूर्ति गढ़ता है, उसी प्रकार नेहरू ने आधुनिक भारत का निर्माण किया. उन्होंने कहा कि नेहरू का सपना ऐसा भारत बनाने का था, जहां बच्चे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें. उन्होंने उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और औद्योगिक विकास को देश की प्रगति का आधार बताया. वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर निशाना साधते हुए दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि समाज में अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा शासन व्यवस्था 'अंग्रेजों के दौर जैसी दमनकारी' होती जा रही है. उन्होंने कहा कि असहमति की आवाजों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है.

> **दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**
>
> **भोपाल.** दिग्विजय सिंह ने नर्मदापुरम के किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. यह मांग नर्मदापुरम जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पुष्पराज सिंह द्वारा भेजे गए पत्र के बाद उठाई गई, जिसमें गेहूं खरीदी, खाद की उपलब्धता और मूंग खरीदी से जुड़ी किसानों की गंभीर समस्याओं का उल्लेख किया गया है. दिग्विजय ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग बंद होने से किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो रहे हैं.

# मादक पदार्थ तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

### 80 लाख मूल्य के अवैध नशीले पदार्थ एवं संपत्ति जब्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते एक सप्ताह में विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए 80 लाख रुपए से अधिक मूल्य के अवैध नशीले पदार्थ एवं संपत्ति जब्त की है.**

पुलिस ने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा. सबसे बड़ी कार्रवाई मंदसौर जिले में सामने आई, जहां नारायणगढ़ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय डोडाचूरा तस्करी गिरोह पर कार्रवाई करते हुए 252 किलो डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल, कार और मोबाइल फोन जब्त किए. पुलिस के अनुसार आरोपी भागने के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर फरार होने का प्रयास कर रहे थे. जब्त संपत्ति की अनुमानित कीमत 20.51 लाख रुपए बताई गई है.

गुना जिले के मृगवास थाना पुलिस ने राजस्थान से अफीम की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक किलो से अधिक अफीम और मोटरसाइकिल बरामद की. वहीं अलग कार्रवाई में चार गांजा तस्करों को 10 किलो से अधिक गांजा के साथ पकड़ा गया.



> भोपाल क्राइम ब्रांच ने ट्रेन के जरिए घरेलू सामान की आड़ में 36 किलो गांजा लाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच महिलाओं सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया. इसके अलावा शिवपुरी, राजगढ़, सीधी, रीवा, शहडोल, दमोह, मैहर, नरसिंहपुर और अनूपपुर जिलों में भी स्मैक, गांजा और प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप जब्त की गई. पुलिस ने आमजन से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर देने की अपील की है.

# रंगदारी का रकम वसूलने व इनोवा में तोड़फोड़ के दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 मई। सिंगरौली महोत्सव 25 मई की रात देखकर लौट रहे युवकों से रास्ता रोककर रंगदारी मांगने और मारपीट करने वाले दो आरोपियों को सासन पुलिस ने दो दिन के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों में हड़कंप मच गया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी रामप्रकाश वैश्य निवासी तियरा अपने साथियों के साथ 25 मई की दरम्यानी रात इनोवा वाहन से सिंगरौली महोत्सव देखकर घर लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे जैसे ही उनकी गाड़ी हिर्रवाह पहुंची, तभी तीन-चार चारपहिया वाहनों में सवार युवकों ने इनोवा को घेरकर रोक लिया। आरोप है कि बदमाश शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। विरोध करने पर आरोपी चंदन पुरी, बबुआराम वैश्य एवं उनके अन्य साथियों ने फरियादी और उसके साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने इनोवा वाहन में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार के निर्देशन एवं चौकी प्रभारी सासन संदीप नामदेव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।



## पटवारी ने मुकेश नायक की माता जी के निधन पर शोक जताया

दमोह, 27 मई. बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की माताजी कांतिदेवी नायक के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की.

# तेंदुए ने गाय का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

**धार.** जिले के बाग वन क्षेत्र अंतर्गत ढिलवानी बीट में एक तेंदुए द्वारा गर्भवती गाय का शिकार किए जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. ग्राम ढिलवानी निवासी किसान शंकरसिंह मैथू अनारे की गर्भवती गाय शाम के समय बाड़े में नहीं मिली. परिजनों द्वारा तलाश करने पर कुछ दूरी पर गाय मृत अवस्था में पड़ी मिली. ग्रामीणों ने बताया कि किसी वन्यजीव ने गाय को आंशिक रूप से खा लिया था. वन विभाग के कर्मचारी विजेंद्रपाल अजनारिया और बहादुरसिंह रणदा मौके पर पहुंचे. वन कर्मचारियों ने प्रारंभिक जांच में पुष्टि की कि गाय का शिकार किसी वन्यजीव, संभवत: तेंदुए द्वारा किया गया है.

# डीआरएम त्यागी ने किया रेलखंड का निरीक्षण

## गुना, शिवपुरी और अशोकनगर स्टेशनों पर की कार्यों की समीक्षा



**भोपाल, 27 मई. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने गुना-शिवपुरी एवं गुना-बीना रेलखंड का गहन संरक्षा निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली, समपार फाटकों और रेल संचालन से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के माध्यम से रेलखंड की संरचना और परिचालन व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई. गुना स्टेशन पर डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण एवं पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी कार्य गुणवत्ता और तय समयसीमा में पूरे किए जाएं.

> उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षित रेल संचालन के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए. निरीक्षण के क्रम में डीआरएम ने बदरवास-कोलारस के बीच स्थित समपार फाटक संख्या 28 का निरीक्षण किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की. उन्होंने गेटमेन से बातचीत कर ड्यूटी के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले गेटमेन को सम्मानित भी किया.

## पेज एक के शेष

**आरोपी समर्थ को लेकर घर पहुंची सीबीआई**

कोर्ट में दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बीच तीखी बहस भी हुई. कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. सीबीआई को कोर्ट ने इस मामले में पक्षकार बनाया है. हाईकोर्ट में ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा पैरवी कर रहे हैं. नवनिधि शर्मा ने ही मामले में अग्रिम जमानत पर आपत्ति दर्ज कराई थी. नवनिधि शर्मा ने बेटी ट्विशा की मौत का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है. ट्विशा शर्मा की 12 मई को संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी. पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ ने इस आत्महत्या बताया. इस पूरे मामले में भोपाल पुलिस पहले दिन से ही सक्रिय होकर जांच में जुटी. सीएम मोहन यादव के निर्देश के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है. सीबीआई की टीम मामले में कार्रवाई कर रही है.

**टीएमसी नेता के ठिकाने से चार बैग और एक बोरा नोट बरामद-**

फिलहाल पुलिस नकदी की गिनती और जांच में जुटी है. इससे पहले भी पुलिस ने दीपांकर के ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 80 लाख रुपये नकद और 4000 सरकारी तिरपाल जब्त किए थे. आरोप है कि ये तिरपाल प्राकृतिक आपदा प्रभावित लोगों के लिए भेजे गए थे. वहीं दुर्गापुर-फरीदपुर क्षेत्र में भी पुलिस ने टीएमसी के मजदूर यूनियन नेता शेख वसुल को गिरफ्तार किया है. उस पर बेरोजगार युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली और चुनाव के दौरान दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप हैं. लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है.

**असम बना यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य**

उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करने के लिए एनडीए के सभी विधायकों का आभार भी जताया. असम अब उत्तराखंड और गुजरात के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है.सरकार का कहना है कि यह कानून समाज में समानता, महिलाओं को न्याय और परिवार व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम ऐसे सुधारों के साथ आगे बढ़ता रहेगा जो समाज को मजबूत करें, महिलाओं को न्याय दिलाएं और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी एकता को बढ़ावा दें.उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू कर राज्य ने संविधान निर्माताओं की उस भावना को आगे बढ़ाया है, जिसमें सभी नागरिकों के लिए समान कानून की परिकल्पना की गई थी ।विधानसभा में यह विधेयक सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा द्वारा पेश किया गया था. सत्ता पक्ष के नेताओं ने इसे सभी वर्गों के लिए लाभकारी बताते हुए समर्थन किया, जबकि विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया.कांग्रेस विधायक दल के नेता वाजेद अली चौधरी ने कहा कि जिन मुद्दों को यूसीसी के तहत शामिल किया गया है, वे पहले से अलग-अलग कानूनों द्वारा नियंत्रित हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि जब बाल विवाह, बहुविवाह, विवाह पंजीकरण, तलाक और गुजारा भत्ता जैसे मामलों के लिए कानून पहले से मौजूद हैं, तो नए कानून की आवश्यकता क्यों पड़ी. विपक्ष के विरोध के बावजूद सरकार ने विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे राज्य में समान नागरिक अधिकारों को मजबूती मिलेगी और सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा.

# मंत्री राकेश ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर सुनी समस्याएं

**भोपाल, 27 मई. मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री राकेश शुक्ला ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुक्ला ने विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया. मंत्री राकेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं की कठिनाइयों को समझते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है.


**कार्यालय नगर परिषद् मऊगंज**
**जिला-मऊगंज (म.प्र.)**

E-mail:-cmomahuganj@mpurban.gov.in&npmauganj@yahoo.in

क्र./475/2026 मऊगंज, दिनांक 26.05.2026

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् मऊगंज वार्ड नं. 06 बस- स्टैण्ड में नव निर्मित आरक्षित दुकानों का लाट पद्धति से लाटरी खोलने हेतु दिनांक 01.06.2026 को समय 12 बजे दोपहर कार्यालय सभाकक्ष में नियत किया गया है. इच्छुक व्यक्ति लाट प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं.**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् मऊगंज
जिला मऊगंज (म.प्र.)



**कार्यालय नगर परिषद् देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना (म0प्र0)**

क्रमांक/857/लो.नि.शा./ई-निविदा/2026 देवेन्द्रनगर दिनांक : 27/05/2026

**ई-निविदा आमंत्रण-सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पद देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा आमंत्रण | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा क्रय करने की तिथि एवं अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_510960_1 | CONST.OF BOUNDRYWALL EAST SIDE BAMURI TALIYA DEVENDRANAGAR | Time : 3 Months PAC Rs : 1059671 | Frist call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 10596.00 | 28.05.2026 10:30 AM To 29.06.2026 05:30 PM |
| 2 | 2026_UAD_510970_1 | CONST.OF MEETINGH HALL FRIST FLOOR AT NEW OFFICE BULDIG | Time : 3 Months PAC Rs : 2016517 | Frist call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 15124.00 | 28.05.2026 10:30 AM To 29.06.2026 05:30 PM |
| 3 | 2026_UAD_510865_1 | CON.OF CC ROAD WARD 1 FROM H/O CHHIDI TO DADOLI | Time : 3 Months PAC Rs : 1573071 | Second call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 15730.00 | 28.05.2026 10:30 AM To 13.06.2026 05:30 PM |
| 4 | 2026_UAD_510879_1 | PAVERS FIXING AND DRARIN COVERING WORK AT WARD 4 FROM IMAM CHOUCK TO SHANKAR JI TEMPEL | Time : 3 Months PAC Rs : 453628 | Second call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 4536.00 | 28.05.2026 10:30 AM To 13.06.2026 05:30 PM |
| 5 | 2026_UAD_510880_1 | CON.OF FRAME FOR VEDIO WALL | Time : 1 Months PAC Rs : 402963 | Second call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 4030.00 | 28.05.2026 10:30 AM To 13.06.2026 05:30 PM |
| 6 | 2026_UAD_510882_1 | CONSTRUCTION OF A HUME PIPE CULVERT WARD NO 5 DHADAKNI ROAD TO VISHWANATH KUSHWAHA (BESIDE THE GRAVEYARD) | Time : 1 Months PAC Rs : 113094 | Second call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 2261.00 | 28.05.2026 10:30 AM To 13.06.2026 05:30 PM |

नोट- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद देवेन्द्र
जिला, पन्ना, (म.प्र.)